जबसे तेरी मेरी मुलाकात हो गयी,
सारे कहते है की करामात हो गयी ,
दुनिया दीवानी मेरे साथ हो गयी,
सारे कहते है करामात हो गयी ।।

तर्ज एक परदेसी मेरा दिल ले गया

सांवरे सलौने श्याम, झूम झूम जाऊं मै,
तूने क्या दिया है कैसे तुझको बताऊ मै,
खुशियों की जैसे बरसात हो गयी है,
सारे कहते है की करामात हो गयी ।।

एक वो जमाना था, ठोर न ठिकाना था,
देखते ही मुझसे आँखे, फेरता जमाना था,
किस्मत बुलंद रातों रात हो गयी,
सारे कहते है की करामात हो गयी ।।

‘लहरी’ दीया जो तूने, कभी न भुलऊँगा,
जिंदगी ये सारी तेरी, सेवा में बिताऊंगा,
आँखों ही आँखों में अपनी बात हो गयी,
सारे कहते है की करामात हो गयी ।।

जबसे तेरी मेरी मुलाकात हो गयी,

सारे कहते है की करामात हो गयी ,
दुनिया दीवानी मेरे साथ हो गयी,
सारे कहते है करामात हो गयी ।।

Source: https://www.bharattemples.com/jabse-teri-meri-mulakat-ho-gayi-in-hindi/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw